
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्र



दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



वर्षः 12 अंकः 05, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12 | गाजियाबाद, बुधवार 12 मार्च 2025

# एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ.विवेक गौतम ने किया काव्यपाठ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (राजू बोहरा)।** साहित्य अकादेमी, संस्कृति मंत्रालय,भारत



सरकार के तत्वावधान में एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक समारोह में 'कावेरी सभागार' में बहुभाषी कविता पाठ में प्रतिष्ठित कवि एवं शिक्षाविद् डॉ.विवेक गौतम ने हिंदी कवि के रूप में अपनी 'जब दीवारें लिखती हैं', 'छत', 'गॉव नहीं दौड़े थे' तथा 'संपन्नता' जैसी सशक्त और प्रभावशाली कविताओं का पाठ किया।

इस भव्य समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध तेलुगू कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार ए.कृष्ण राव ने की । इस अवसर पर कन्नड़, नेपाली, उड़िया, उर्दू एवं हिंदी के दो अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया। समारोह में सुप्रसिद्ध साहित्यकार ज्योतिष जोशी, विभा बिष्ट, उषा कुमारी,अभय जैन, प्रेम मिश्र अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे।